तापमान
अधिकतम 21.2 डिग्री
न्यूनतम 11.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 17 जनवरी 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 घोघरा में सांसद ने किया सड़क निर्माण का भूमिपूजन...



12 तिल-गुड़ के लड्डू व खिचड़ी ने बढ़ाई...



## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** ग्राम सलडीह से केशरीपुर जाने के मार्ग में ग्राम नवागांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई। मामले में रिपोर्ट पर सांकरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार अनिल वर्गे पिता टेनसिंग वर्गे (32 साल) बगारदरहा थाना सांकरा जिला महासमुंद 15 जनवरी को अपनी मोटर सायकल स्पेलेंडर प्लस क्रमांक सीजी 06 एचई 4861में अपने ससुराल ग्राम गिधली जाने के लिए सुबह करीबन 10 बजे निकला था। करीबन 11 बजे ग्राम सलडीह से केशरीपुर जाने के मार्ग से ग्राम नवागांव के पास पहुंचा था, तभी किसी अज्ञात वाहन के चालक ने मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे अनिल मोटर सायकल से गिर गया व उसके सिर व चेहरे में चोट आई और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मामले में अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस, 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### पुरानी रंजिश, चाकू से वार

**महासमुंद।** जोबा में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस को टिकेश्वर ध्रुव पिता रामेश्वर ध्रुव ने बताया कि वह 8 जनवरी की रात करीब 09 बजे घर के बाहर बैठा था, तभी गांव का ही राहुल साहू मोटर सायकल से आया और पुरानी रंजिश की बात को लेकर गाली गलौज कर चाकू से वार करने लगा। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 117(2), 118(1), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्यों के लिए 28 शिक्षकों को मिला मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्यों के लिए मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार कार्यक्रम में जिले भर से चयनित 28 शिक्षकों को उनके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद हिंदी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागार में हुआ। कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद हिंदी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों ने सराहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा तथा



अध्यक्षता छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट एवं गाइड इंद्रजीत सिंह खालसा (गोल्डी) एवं अपर कलेक्टर रवि साहू की उपस्थिति रही। विधायक सिन्हा ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों से विद्यार्थियों को भविष्य में प्रशासनिक सेवा सहित शासन में सहभागिता देने योग्य बनाने एवं श्रेष्ठ नागरिक के रूप में तैयार करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को उच्च पदों तक पहुँचाने के साथ-साथ उन्हें संस्कारयुक्त एवं आदर्श नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विशिष्ट अतिथि इंद्रजीत सिंह खालसा ने शिक्षकों से कहा कि बच्चों को विषम परिस्थितियों में भी मजबूती से खड़े रहने एवं चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण डीईओ विजय कुमार लहरे ने दिया। संचालन टेकराम सेन ने तथा आभार प्रदर्शन सहायक संचालक नंद कुमार सिंहा ने किया।

### इनको मिला सम्मान

ज्ञानदीप पुरस्कार माध्यमिक शाला से श्रीमती लीनू चंद्राकर, ओम प्रकाश साव, धीरज तिवारी शिक्षा दूत पुरस्कार अंजू ध्रुव, सिराज बख्श, पी. श्रीधर राव, राजेश प्रधान, धनेश्वरी साहू, प्रदीप कुमार पटेल, वर्षानंद, प्रमिला पटेल, रश्मि शर्मा, रामकुमार साहू, संतोष दूध बोरे, सुरेश, कुमार साहू, रुबीना बानो, गफ्फार खान, सर्वश्रेष्ठ संस्था प्रमुख पुरस्कार पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला से सुशील शर्मा, रेवती सिंह, ठाकुर सिंह ध्रुव, सरिता दानी, रमाकांत पात्र, निहारिका चंद्राकर, ब्रह्म ओम केरकटा, विष्णु चरण पटेल, ऋषिकेश साहू, दयासागर नायक को मिला।

### यह भी रहे मौजूद

इस अवसर पर डीएमसी रेखराज शर्मा, एडीपीओ प्रमोद कनौजे, एपीसी विद्या साहू, हर्षिता चंद्राकर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी तारिका कुंजाम, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित रमेश श्रीवास्तव, शिक्षक संघ प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी सहित अन्य मंचासीन अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे प्राचार्य हेमेम आचार्य, कौशल शुक्ला, गोविंद सिन्हा, अमी रूपस छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ अध्यक्ष दिलीप तिवारी, ईश्वर चंद्राकर सहायक शिक्षक फेडरेशन शिक्षक भारती सोनी सहित बड़ी संख्या में प्रधान पाठक एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

**अपराध :** बसना पुलिस ने नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की, 75 लाख रुपए का गांजा बरामद किया गया

# लग्जरी कारों से तस्करी, डेढ़ क्विंटल गांजा जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लग्जरी कार से गांजा तस्करी कर रहे ओडिशा के तीन लोगों को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के पुलिस ने 75 लाख रुपए कीमत का 150 किलो गांजा बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार 15 जनवरी को बसना पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि पदमपुर ओडिशा की ओर से क्रेटा कार क्रमांक ओडी 02 एसी 4644 एवं क्रेटा कार क्रमांक ओडी 15 आर 3456 में कुछ व्यक्ति एक साथ अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर बसना की ओर आ रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पलसापाली बैरियर पहुंचकर नाकाबंदी की गई। जहां कुछ देर बाद मुखबीर के बताये अनुसार दो कारें वहां आईं, जिन्हें रोका गया। पुलिस की पूछताझ में कार क्रमांक ओडी 02 एसी 4644 के चालक अपना नाम पता तन्मय मिश्रा ऊर्फ लिपुन पिता महेंद्र मिश्रा (29 वर्ष) मनकेश्वरी मंदिर प्लाट वार्ड नं. 03 सोनपुर थाना सोनपुर जिला सोनपुर (ओडिशा) बताया



तथा कार क्रमांक ओडी 15 आर 3456 के चालक ने अपना नाम पता प्रमोद कल्ता उर्फ सिकुन पिता पदमनाभा कल्ता (25 साल) गांव मृत्युन्जयपुर थाना मनमुंडा जिला बौद्ध (ओडिशा) एवं चालक के बगल सीट में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम पता दीनबंधु मिश्रा पिता सर्वेश्वर मिश्रा (39 वर्ष) ग्राम बुदेलबाहली थाना तोरवा जिला सोनपुर (ओडिशा) को होना बताये। वहीं कड़ाई से पूछने पर दोनों कारों में गांजा होना बताया। पुलिस तलाशी के दौरान दोनों कारों से अवैध मादक पदार्थ गांजा से भरी चार-चार बोरियां कुल 150.750 किलोग्राम गांजा कीमत लगभग 75, 00, 000 रुपए को बरामद किया। इसके अलावा दो कार कुल कीमत 2000000, तीन नग टचस्क्रीन मोबाईल कीमत 15000 रुपए कुल सामान कीमत 95, 15, 000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(ख) नारकोटिक एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

# औद्योगिक क्षेत्र में निरीक्षण, सुरक्षा एवं श्रम कानूनों के उल्लंघन पर नोटिस जारी

**महासमुंद।** जिला स्तरीय गठित संयुक्त टीम द्वारा बिरकोनी औद्योगिक क्षेत्र स्थित औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देश के परिपालन में संयुक्त निरीक्षण दल में प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र शशिकांत सिंह, सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा बलौदाबाजार भाटापारा दिशा शुक्ला, श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र, श्रम उप निरीक्षक बेलारसन बघेल सहित श्रम विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मेसर्स न्यूट्रीक्राफ्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बिरकोनी का परीक्षण किया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की जांच में कोई अनियमितता नहीं पाई गई। वहीं औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग की जांच में संस्थान में श्रमिकों को सुरक्षा उपकरण प्रदाय नहीं किया जाना, अग्नि सुरक्षा उपकरण का अभाव तथा सुरक्षा संबंधी सूचना बोर्ड प्रदर्शित नहीं होना पाया गया। इन कमियों को लेकर प्रबंधन को नोटिस जारी करने की कार्रवाई की जा रही है। श्रम विभाग द्वारा संविदा श्रमिक अधिनियम 1970, न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 एवं वेतन भुगतान अधिनियम 1936 के अंतर्गत जांच की गई। जांच में महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के तहत आंतरिक परिवाद समिति का गठन नहीं पाया गया, जिस पर तत्काल समिति का गठन कराया गया। इसके अतिरिक्त ओवरटाइम कराया जाना पाया गया, परंतु उसका रिकार्ड प्रस्तुत नहीं किया गया। सूचना बोर्ड एवं अन्य आवश्यक अभिलेख भी प्रदर्शित नहीं थे। इस संबंध में प्रबंधन एवं ठेकेदार को नोटिस जारी किया जा रहा है। इसी क्रम में मेसर्स जमा इंडस्ट्रीज प्रा.लि. बिरकोनी औद्योगिक क्षेत्र का भी निरीक्षण किया गया। औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग की जांच में सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए जाने की कमी पाई गई, जिस पर प्रबंधन को नोटिस जारी किया जा रहा है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की जांच में यहां भी कोई अनियमितता नहीं पाई गई।




**खबर संक्षेप**




## संतोष एवं कपिल का सीआईएसएफ में चयन

**नर्रा।** ग्राम पंचायत राटापाली के आश्रित ग्राम बहेराभाठा निवासी किसान के बेटे संतोष ध्रुव पिता अनुजराम ध्रुव एवं ग्राम पंचायत झिटकी के आश्रित ग्राम कोकड़ी निवासी होनहार छात्र कपिल पिता स्व हीरालाल अघरिया पटेल का केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) भारत के केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल गृह मंत्रालय में चयन हुआ है। इनके चयन पर ग्राम पंचायत राटापाली के सरपंच पूर्णिमा परमेश्वर सोनवानी एवं ग्राम पंचायत झिटकी के सरपंच कौशिल्या नूतन पटेल समेत ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

## कॉलेज में मतदाता जागरूकता पर हुई तात्कालिक भाषण

**कोमाखान।** नवीन शासकीय महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम (स्वीप) कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में तात्कालिक भाषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरुकता से संबंधित विभिन्न विषयों पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने संक्षिप्त में अपनी बात कही। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी पीयूष कुमार टांडेय सहित अतिथि व्याख्याता मन्नूलाल कुर्रे, भारती साहू और डॉ. रंजना दुबे, आदिल अहमद और हेतराम भोई उपस्थित थे।

## कोमाखान कॉलेज में मतदाता जागरुकता शिविर का आयोजन

**बोइरगांव (कोमाखान)।** नवीन शासकीय महाविद्यालय कोमाखान में स्वीप कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के वे विद्यार्थी जिनकी आयु 18 वर्ष हो रही है या जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है, उनका नाम मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए मतदाता जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्राचार्य डॉ. पुरुषोत्तम झा के मार्गदर्शन में किया गया। स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी पीयूष कुमार ताण्डेय ने कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का महत्वपूर्ण कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वह समय पर मतदाता सूची में नाम जुड़वाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाएं। शिविर के दौरान अतिथि व्याख्याता मन्नू लाल कुर्रे और भारती साहू द्वारा 15 विद्यार्थियों को फॉर्म-6 की जानकारी देकर फार्म प्रदान किया गया। विद्यार्थियों को निर्देश दिया गया कि वे दिए गए फॉर्म 6 के साथ अपना आधार कार्ड और 10वीं या 12वीं की अंक सूची जिसमें जन्मतिथि अंकित हो, संलग्न कर अपने गांव के बीएलओ के पास जमा करेंगे।

**कथा : भगवान त्रंबकेश्वर गौ हत्या के पाप से देते हैं मुक्ति**

# सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन मात्र से रोगों से मिलती है मुक्तिः पंकज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



स्थानीय त्रिमूर्ति कॉलोनी में चल रहे शिव महापुराण कथा में आचार्य पं. पंकज तिवारी ने द्वादश ज्योतिर्लिंगों कथा का रसपान कराते हुए कहा कि भगवान शिव ऐसे देव हैं जो सांसारिक सुख देते हुए अंत में मोक्ष प्रदान करते हैं। जो प्राणी भगवान शिव के द्वादश नाम का सुबह शाम जाप करता है, उनके सात जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकाल, ओंकारेश्वर, बैद्यनाथ, भीमाशंकर, रामेश्वरम, नागेश्वर नाथ, काशी विश्वनाथ, त्रंबकेश्वर, केदारनाथ, घृष्णेश्वर नाथ महादेव के प्रकट होने की कथा का बखान करते हुए कहा कि राजा दक्ष ने जब चंद्रमा को क्षय होने का शाप दिया तो, रोग निवारण के लिए चंद्रमा ने सौराष्ट्र में जाकर भगवान शिव की तपस्या की। तपस्या से शिव प्रकट हुए और उनके रोग का निवारण किया। चंद्रमा के निवेदन पर भगवान शिव सोमनाथ के रूप में सौराष्ट्र में ही विराजित हो गए। वहां बने सोम कुंड में स्नान करने और भगवान सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन, पूजन करने से सभी प्रकार के रोग से प्राणी मुक्त हो जाता है।

उन्होंने सभी ज्योतिर्लिंग कथा का विस्तार से बखान करते हुए कहा कि प्राणी अपने जीवन में कल्याण करना चाहते हैं तो उन्हें इन ज्योति स्वरूप भगवान शिव के दर्शन अवश्य करना चाहिए। तिवारी ने कहा कि जलाशयों में देवताओं का वास रहता है जब भी किसी नगर में देवता का आगमन होता है तो सबसे पहले जलाशय में जाते हैं, इसलिए जल कलश यात्रा निकालकर निमंत्रित देवताओं को लाया जाता है। उन्होंने नगर में चल रहे अविरल सितली निर्मल शीतली के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जलाशयों, नदी, नालों का संरक्षण किया जाना चाहिए। इसमें किए गए कार्य, सहयोग यज्ञ समान पुण्यकारी होता है। महाराज ने द्वादश ज्योतिर्लिंग प्रसंग में त्रंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग का बखान करते हुए कहा कि इस ज्योतिर्लिंग में तीन देवताओं का वास है और इसके दर्शन मात्र से ही ब्रह्म हत्या, गौ हत्या जैसे पाप भी नष्ट हो जाते हैं। गौतम ऋषि को जब गौ हत्या का दोष लगा तो पंडितों ने उनसे कहा कि वह एक करोड़ पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजन करें और गंगा में स्नान करने के बाद ही उन्हें इस पाप कर्म से मुक्ति मिलेगी। पंडितों के सुझाव के बाद ऋषि गौतम ने नित्यप्रति पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजन करने लगे। जैसे ही एक करोड़ पूजन हुआ। भगवान शिव स्वयं प्रकट होकर वरदान मांगने कहा। इस पर उन्होंने जनकल्याण के भाव से भगवान शिवजी को यही विराजमान होने का निवेदन किया। भगवान शिव वहां ब्रह्मा, विष्णु समेत विराजमान होकर लोगों के कष्ट हर रहे हैं। इसके पूर्व महाराज ने गोपेश्वर महादेव के माध्यम से भगवान कृष्ण के रास, महारास की कथा बताते हुए कहा कि प्रेम का वास्तविक अर्थ त्याग है, लेकिन लोग प्रेम के बदले प्रेम करते हैं यह एक तरह का व्यापार है। माता-पिता और गुरु का प्रेम सौहार्द भरा रहता है, उसमें किसी प्रकार स्वार्थ नहीं रहता। महारास के बीच जब गोपियों को अहंकार हुआ तो भगवान कृष्ण उनसे दूर चले गए। तब गोपियों को उनके विरह की वेदना हुई और गोपीगीत के माध्यम से भगवान कृष्ण को प्रसन्न किया। भागवत में गोपी गीत को हृदय माना गया है, इसी प्रकार रामायण में सुंदरकांड हृदय है। भगवान कृष्ण ने गोपियों को संदेश दिया कि जो मुझसे प्रेम करता है उससे मैं दूर चला जाता हूं, इसके पीछे का रहस्य उन्होंने स्पष्ट किया कि पास रहने पर लोगों में प्रेम का अभाव होने लगता है। ठीक उसी तरह जैसे कोई परिजन बहुत दूर रहता है तो उसके प्रति लोगों का पास रहने वाले के अपेक्षा अधिक लगाव रहता है।

इसी तरह भगवान भी अपने भक्तों से दूर रहकर भक्तों के हृदय में वास करना चाहते हैं। हृदय में एक बार भगवान का वास हो गया तो वहां से वे बाहर नहीं निकलते। प्राणियों को अपने हृदय में भगवान का वास चाहिए तो उन्हें सांसारिक मोह माया से हृदय को दूर रखना चाहिए। तभी भगवान का वास हृदय में हो सकेगा। कथा श्रवण करने पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सेवनलाल चंद्राकर भी पहुंचे थे।

# बिजली बिल बकाया वसूली अभियान तेज, 73 उपभोक्ताओं पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा



अधीक्षण अभियंता महासमुंद (वृत्त) वायके मनहर के निर्देशन में पिथौरा संभाग में बिजली बिल बकाया वसूली को लेकर सघन अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कार्यपालन अभियंता पिथौरा संभाग बी. दीवान के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा पिथौरा शहर वितरण केंद्र एवं आसपास के क्षेत्रों में कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान 73 उपभोक्ताओं पर कुल 27 लाख 43 हजार 171 रुपए की बकाया राशि पाई गई, जिनमें से 23 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किए गए। इन कनेक्शनों पर कुल 5 लाख 40 हजार 828 रुपए की बकाया राशि थी। कार्रवाई के दौरान मौके पर ही 19 उपभोक्ताओं से 2 लाख 11 हजार 133 रुपए की वसूली की गई।

विद्युत विभाग द्वारा बताया गया कि बकाया वसूली अभियान में आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। स्मार्ट मीटर एवं ऑनलाइन जीपीएस प्रणाली के माध्यम से उपभोक्ताओं के घर पहुंचे बिना ही विद्युत लाइन का ऑनलाइन विच्छेदन किया जा रहा है। इसी क्रम में पिथौरा संभाग के अंतर्गत कुल 190 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन ऑनलाइन विच्छेदित किए गए, जिन पर 75 लाख 65 हजार 564 रुपए की बकाया राशि थी। विद्युत कनेक्शन विच्छेदन के पश्चात 21 उपभोक्ताओं द्वारा 5 लाख 32 हजार 650 रुपए का भुगतान किया गया।

विभाग ने स्पष्ट किया कि ऑनलाइन लाइन बंद होने के बाद उपभोक्ता द्वारा बकाया राशि जमा कर संबंधित वितरण केंद्र को सूचना देने पर बिजली आपूर्ति तत्काल बहाल कर दी जाएगी। राजस्व वसूली की यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। विद्युत विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि लाइन विच्छेदित उपभोक्ताओं द्वारा अनधिकृत रूप से विद्युत कनेक्शन जोड़ा गया, तो उनके विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 138 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि असुविधा से बचने के लिए बकाया बिजली बिल का भुगतान समय पर करें।

## जिले में 19 से 22 जनवरी तक निर्धारित स्थलों पर शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत मोतियाबिंद मुक्त भारत अभियान को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है। राज्य में इस योजना के क्रियान्वयन के लिए समाज कल्याण विभाग नोडल विभाग है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर जिले में स्टेट एक्शन प्लान फॉर सीनियर सिटीजंस के तहत ऐसे वरिष्ठ नागरिक जो मोतियाबिंद की समस्या से पीड़ित हैं, उनके चिन्हांकन के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित स्थानीय निकायों के समन्वय से आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में पात्र हितग्राहियों का चयन कर उनके मोतियाबिंद का ऑपरेशन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर में 01 फरवरी 2026 से कराया जाना संभावित है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले के ग्रामीण एवं नगरीय निकायों के वरिष्ठ नागरिक अपने विकासखंड से संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित शिविर में अपने मोतियाबिंद की समस्या का चिन्हांकन करा सकेंगे। 19 जनवरी 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महासमुंद में शिविर का आयोजन होगा। इसी तरह 21 जनवरी 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा, पिथौरा में शिविर का आयोजन किया जाएगा तथा 22 जनवरी 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना एवं सरायपाली में शिविर लगेगा।

## वन विभाग पिथौरा के लिए युगल बने विधायक प्रतिनिधि



**पिथौरा (ग्रामीण)।** खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव द्वारा वन विभाग पिथौरा के लिए ग्राम कसहीबहरा निवासी युगल किशोर यादव को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर पवन साहू, आकाश मोहंती, प्रफुल्ल राजपूत, मिंकू अजमानी, कमल साहू, ओमप्रकाश चक्रधारी, हराधन साहू, यशवंत पटेल, श्याम यादव, ईश्वर सिंह ध्रुव, अमर सिंह ठाकुर, डेरहाराम, महेश्वर पटेल, देव सिंह, डालेश्वर पटेल, पीलू सेन, देवराज ध्रुव, लता ठाकुर, मधु साहू, संगीता दीवान, पप्पू साहू एवं गिरीराज नेताम उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ प्रबंधक ने किया एबीआईपी-एसएस कार्यक्रम का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत संचालित एबीआईपी-एसएस कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं प्रगति के निरीक्षण के लिए राष्ट्रीय दुग्ध विकास बोर्ड आनंद (गुजरात) के वरिष्ठ प्रबंधक डॉ. वीपी भोसले द्वारा 15 जनवरी को जिला महासमुंद का दौरा किया गया।

एबीआईपी-एसएस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सेक्स सॉर्टेड सीमेन तकनीक के माध्यम से अधिक संख्या में मादा बछियों का उत्पादन कर दुग्ध पशुओं की नस्लों का त्वरित सुधार करना है। इसके माध्यम से दूध उत्पादन क्षमता में वृद्धि, पशुधन की आनुवंशिक गुणवत्ता में सुधार, अनुपयोगी नर बछड़ों की संख्या में कमी तथा पशुपालक किसानों की आय में बढ़ोतरी सुनिश्चित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान डॉ. भोसले द्वारा एबीआईपी-एसएस कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के 08 से 10 लाभान्वित पशुपालकों से संवाद किया गया। इस अवसर पर पशुपालन प्रबंधन, प्रजनन तकनीक, पशुओं का पोषण, रोग नियंत्रण एवं उत्पादन क्षमता वृद्धि से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही सेक्स सॉर्टेड सीमेन से किए गए कृत्रिम गर्भाधान, गर्भ परीक्षण तथा जन्मे बछड़ों के सत्यापन हेतु पशुपालकों के घर जाकर स्थल निरीक्षण भी किया गया। पशुपालन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले में अब तक सेक्स सॉर्टेड सीमेन के माध्यम से 3232 कृत्रिम गर्भाधान किए जा चुके हैं, जिनसे 908 वत्सों का जन्म हुआ है। इनमें से 767 बछियां हैं, जो कुल जन्म का लगभग 84 प्रतिशत है। यह उपलब्धि जिले में उन्नत नस्ल सुधार एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पशुपालन विभाग ने बताया कि जिले के अन्य इच्छुक पशुपालक भी इस योजना का लाभ लेने के लिए नजदीकी पशु चिकित्सा संस्था अथवा पशुपालन विभाग से संपर्क कर सकते हैं। इस दौरान पशुपालन विभाग के स्थानीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कर्मचारी संघ का नववर्ष मिलन समारोह एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा महासमुंद द्वारा डाइट सभागार में नववर्ष मिलन एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों का समान समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, अध्यक्षता संजय सिंह प्रातांध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि प्रमिला संजय ध्रुव संरपच ग्राम पंचायत मचेवा, सीके तिवारी प्रातीय महामंत्री, आरबी सिंह प्रातीय सचिव, दुष्यंत यादव प्रातीय सचिव, केके ध्रुव संरपच प्रतिनिधि, जिला संरक्षक शिव साहू, केके चंद्राकर, संदीप घोष, पवन पटेल, रमेश साहू, देवीचंद राठी, धर्मेन्द महोबिया आदि मंचस्थ थे।

सभी अतिथियों के कर कमलो से मॉ सरस्वती के छायाचित्र में पूजा अर्चना कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुकेश साहू जिलाध्यक्ष द्वारा स्वागत उद्बोधन तथा प्रतिवेदन पाठन एवं लिपिक कार्यालय के लिए भवन की मांग की गई, जिसे विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा स्वीकृति सहित पांच लाख रुपए एवं बोर खनन की स्वीकृति प्रदाय की। इसी क्रम में मचेवा सरपंच प्रमिला संजय ध्रुव ने अपने उद्बोधन में लिपिक कार्यालय के लिए भूमि आबंटन की स्वीकृति दी गई, जिससे जिले के समस्त लिपिकों में काफी हर्ष व्याप्त है। इस मौके पर वार्षिक कैलेंडर 2026 का विमोचन किया गया। पश्चात जिले के वर्ष 2025 में कुल 14 सेवानिवृत्त हुए लिपिकों को साल, श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### लिपिकों की पीड़ा को बताया

उद्बोधन के क्रम में प्रातांध्यक्ष संजय सिंह द्वारा लिपिकों की पीड़ा को शासन प्रशासन तक पहुंचाने विधायक से निवेदन कर जल्द से जल्द वेतन विसंगति एवं अन्य मुद्दों में न्याय संगत निर्णय प्रदान करने का अनुरोध किया। सीके तिवारी, शिव साहू, संदीप तिवारी, मनोज शर्मा एवं अन्य लिपिक कर्मचारियों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन आरके बुनकर जिला प्रवक्ता एवं तहसील अध्यक्ष बागबाहरा ने तथा आभार प्रदर्शन राधेश्याम सोनी ने किया। कार्यक्रम में एलआर तारम, केआर सिन्हा, योगेश्वरी गोस्वामी, आरके बुनकर, दिलीप दास, प्रमोद प्रधान, परमेश्वर बाघ, राधेश्याम सोनी आदि मौजूद रहे।

# महाविद्यालय में छात्रों को मतदाता परिचय पत्र पंजीयन फॉर्म भरवाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्य निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के आदेशानुसार व प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के तहत फॉर्म 06 मतदाता पंजीयन फॉर्म भरने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के ऐसे विद्यार्थी जिनका 18 वर्ष पूर्ण हो गया है या अक्टूबर 2026 में 18 वर्ष पूर्ण हो जाएगा, ऐसे छात्र-छात्राओं को मतदाता परिचय पत्र बनवाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो करुणा दुबे, अक्षा गुप्ता एसडीएम महासमुंद, डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो, राकेश चंद्राकर, राकेश पैकरा, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अजय कुमार राजा, प्रो. राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से भी भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट https://voters.eci.gov.in/ में अपना फॉर्म भरने की प्रक्रिया को बताया गया। मोबाइल एप वोटर हेल्पलाइन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया। हम फॉर्म 6 ऑनलाइन माध्यम से वोटर हेल्पलाइन एप द्वारा भी भर सकते है। अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे द्वारा जिले के सभी महाविद्यालयों में पात्र विद्यार्थियों का मतदाता पंजीयन फॉर्म 6 भरने के लिए कहा गया। कार्यक्रम में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के साथ-साथ शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय से डॉ सरस्वती वर्मा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो के नेतृत्व में विद्यार्थी उपस्थित रहे। साथ ही ग्राम पंचायत मचेवा के बीएलओ भी उपस्थित रहे। जिसमें लगभग 120 विद्यार्थियों को फॉर्म 06 वितरण कर जानकारी भरकर जमा करने को निर्देशित किया गया। साथ ही एसआईआर घोषणा पत्र भरने की प्रक्रिया को विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। संपूर्ण कार्य में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक विजय ब्रम्हे, जनक साहू, छाया साहू, देवेंद्र साहू, कामता भारती, लक्ष्मी चंद्राकर का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर कार्रवाई, 14711 कट्टा धान एवं तीन वाहन जब्त

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए अवैध भंडारण, परिवहन के विरुद्ध संयुक्त टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कार्रवाई के दौरान तीन अलग-अलग मामलों से कुल 14711 कट्टा अवैध धान एवं तीन वाहन जब्त किया गया। पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम मोहदा में टिकेश्वर यादव के आवास, दुकान एवं गोदाम का निरीक्षण किया गया, जहाँ लगभग 1000 कट्टा धान अवैध रूप से संग्रहित पाया गया। जांच में धान के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिस पर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए संपूर्ण धान को जब्त किया गया तथा कृषि उपज मंडी पिथौरा को सुपुर्द किया गया। वहीं महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम भूरकोनी क्षेत्र में अवैध धान परिवहन की सूचना पर की गई कार्रवाई में दो ट्रैक्टरों के माध्यम से धान ले जाते हुए पाए जाने पर 170 कट्टा धान जब्त किया गया। दोनों वाहनों को भी जब्त कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम परगला में अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए 51 पैकेट धान पकड़े गए। मौके पर टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए धान को जब्त किया गया एवं संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध मंडी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया तथा बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत चेक पोस्ट टेमरी में आज अवैध धान परिवहन करते हुए पाए जाने पर वाहन समेत 250 कट्टा धान को मंडी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए थाना कोमाखान के सुपुर्द किया गया। जिला प्रशासन ने कहा है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# धान खरीदी के अंतिम दौर में कलेक्टर लंगेह का सघन निरीक्षण, निगरानी हुई और सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



धान खरीदी के अंतिम चरण में जिला प्रशासन ने निगरानी व्यवस्था और कड़ी कर दी है। कलेक्टर विनय लंगेह लगातार फील्ड में रहकर उपार्जन केंद्रों एवं अंतरराज्यीय जांच चौकियों का सघन निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने सरायपाली विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित ओडिशा बॉर्डर की सिरपुर चेक पोस्ट, बिरकोल एवं सिंघोड़ा जांच चौकी तथा तोरेसिंहा धान उपर्जान केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रत्येक वाहन के परिवहन दस्तावेजों का बारीकी से अवलोकन किया तथा रजिस्टर में दर्ज प्रविष्टियों का वास्तविक स्थिति से मिलान किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि धान के अवैध परिवहन, खरीदी एवं बिक्री की किसी भी संभावना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर लंगेह ने सरायपाली के तिहारीपाली उपार्जन केंद्र का भी आकस्मिक निरीक्षण कर धान खरीदी की प्रक्रिया, भंडारण, उठाव एवं स्टॉक की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि धान खरीदी शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और किसी भी प्रकार की अनियमितता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अंतिम दिनों में अतिरिक्त सतर्कता बरतना आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि ओडिशा राज्य से धान की संभावित आवक के कारण जिले में अवैध परिवहन और खरीदी-बिक्री की आशंका बनी रहती है। वर्तमान में जप्ती के मामलों में जिला राज्य में अग्रणी बना हुआ है। कलेक्टर प्रतिदिन शाम 6 से 7 बजे तक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से धान खरीदी की समीक्षा भी कर रहे हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के सभी 182 उपार्जन केंद्रों में नोडल अधिकारी अनिवार्य रूप से भौतिक सत्यापन करें और निर्धारित समय-सीमा में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जिन किसानों के टोकन कट चुके हैं लेकिन उन्होंने अभी तक धान विक्रय नहीं किया है, उनका कारण जानते हुए आवश्यकतानुसार उनके भंडारण का सत्यापन करें। उन्होंने कहा कि स्टॉक, उठाव तथा प्रतिदिन की धान खरीदी के आंकड़ों का आपसी मिलान अनिवार्य रूप से किया जाए। किसी भी स्तर पर गड़बड़ी की आशंका होने पर तत्काल जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाए। जिन किसानों का टोकन कट गया है, लेकिन अभी तक धान का विक्रय नहीं किया गया है, ऐसे खातों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें। जिन किसानों का धान बिक गया है और रकबा बाकी हैं, उन्हें रकबा समर्पण के लिए प्रोत्साहित करें। जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी को पूरी पारदर्शिता और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए निरंतर निगरानी की जा रही है।

**खबर संक्षेप**

### सीईओ ने किया स्कूल का निरीक्षण

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल अचानकपुर का आकस्मिक निरीक्षण जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, कक्षा संचालन एवं विद्यार्थियों के अधिगम स्तर का गहन अवलोकन किया गया। निरीक्षण के समय विद्यार्थियों का अंग्रेजी विषय में शैक्षणिक स्तर अपेक्षाकृत कम पाया गया। इस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी नंदनवार ने प्राचार्य सहित समस्त शिक्षक-कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे अतिरिक्त प्रयास करते हुए विद्यार्थियों को अंग्रेजी सहित सभी विषयों में दक्ष बनाएं। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें लक्ष्य निर्धारित कर पूरी ईमानदारी, लगन और अनुशासन के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

### शंकर नगर में प्रस्तावित शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह स्थगित

**महासमुंद।** स्थानीय वार्ड क्रमांक 01 शंकर नगर में 19 से 27 जनवरी तक प्रस्तावित आशुतोष भगवान शिव के पावन शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अपरिहार्य कारणों से यह धार्मिक आयोजन निर्धारित तिथि पर संपन्न नहीं हो पाएगा। उल्लेखनीय है कि उक्त आयोजन में व्यास पीठ से आचार्य पं. शिवम कृष्ण शास्त्री द्वारा संगीतमय शिवमहापुराण कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया जाना था। आयोजन के स्थगित होने से क्षेत्र के श्रद्धालुओं में कुछ निराशा देखी गई। आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम की नई तिथि की सूचना शीघ्र ही पृथक से दी जाएगी तथा श्रद्धालुओं से धैर्य बनाए रखने की अपील की गई है।

### छात्रों को शतरंज खेलने रुचि उत्पन्न करने के लिए किया प्रोत्साहित

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में शतरंज के गुर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएन राव अंतरराष्ट्रीय शतरंज निर्णायक, विश्वास मेश्राम छत्तीसगढ़ राज्य विज्ञान सभा अध्यक्ष, आरबीएस बघेल अध्यक्ष कांकेर जिला शतरंज संघ, डॉ विजय शर्मा इतिहास के व्याख्याकार शामिल हुए। संयोजक और प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम हुआ। अतिथियों द्वारा शतरंज खेल के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान किया। अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओं से शतरंज के पहेली से संबंधित कुछ सवाल किया गया। इसमें सही जवाब बताने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सही जवाब देने वालों में केयूर भूषण कक्षा नवमी, धनेश्वरी सेन, गायत्री साहू, खिलेश देवांगन, आयुष चंद्राकर कक्षा ग्यारहवीं शामिल रहे। इस अवसर पर पीएन राव अंतरराष्ट्रीय निर्णायक ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताया। शतरंज पहेली के माध्यम से तार्किक निर्णय क्षमता विकसित करना, मस्तिष्क की एकाग्रता बढ़ाना और अधिकाधिक संख्या में इस खेल से बच्चों को जोड़ना है। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में व्याख्यातागण नेशलाल धृतलहरे, संजय बारसागढ़े, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, नीलू सोनी, आनंद राम व्यौहार, बीएल टंडन सहायक, रवि प्रकाश पात्रे, शिक्षक उदेश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा, कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव उपस्थित रहे।

# महिला समूह अब फैशन जोन से बाजार में प्रतिस्पर्धी के रूप में बना रही पहचान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



महिला समूह परंपरारागत व्यवसाय से उठकर अब बाजार आधारित मांग के अनुरूप अपना व्यवसाय का चयन कर रही है और बाजार में एक सशक्त प्रतिस्पर्धी के रूप में खुद की पहचान बना रही है। शुरूआती दिनों में महिला सदस्य घर से जुड़े व्यवसाय जैसे बड़ी, पापड़, आचार बनाकर विक्रय करती थी। लेकिन, आज बदलते दौर में बाजार में बने रहने के लिए बाजार के मांग के अनुरूप उत्पाद का चयन करना आवश्यक हो गया है। जिला प्रशासन और बिहान के मार्गदर्शन से बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत खल्लारी क्लस्टर के भीमखोज में जय मां शीतला महिला समूह की सदस्य पद्मा साहू ने रेडिमेड कपड़े की दुकान फैशन जोन खोलकर बाजार में सीधे प्रवेश की है। आज उनका फैशन जोन दुकान केवल एक रेडीमेड कपड़ा दुकान नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के लिए सफलता का सशक्त उदाहरण बन चुका है। अभी प्रतिदिन लगभग 4 से 5 हजार रुपए का विक्रय हो रहा है।

भीमखोज के मुख्य सड़क में एक साज-सज्जा सहित फैशन जोन का शोरूम दिखाई देता है। जिनका संचालन महिला सदस्य पद्मा साहू कर रही है। दुकान में आधुनिक रेडीमेड परिधान के साथ-साथ साड़ी, फैंसी आइटम एवं कॉस्मेटिक सामग्री भी उपलब्ध है। सुसज्जित और व्यवस्थित दुकान किसी शो-रूम से कम नहीं दिखती, जिससे ग्राहकों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। इस सफलता के पीछे बिहान योजना और आजीविका मिशन के अंतर्गत जिला प्रशासन की अहम भूमिका रही है। पद्मा साहू को बिहान से समूह के रूप में 1 लाख रुपए तथा बाद में 60 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई। व्यवसाय की शुरुआत उन्होंने 1.50 लाख रुपए के ऋण से की। समय पर ऋण चुकाने के बाद उन्होंने व्यवसाय विस्तार के लिए 3 लाख रुपये का ऋण लिया, जिससे कारोबार और मजबूत हुआ। वर्तमान में उनकी दुकान से प्रतिदिन लगभग 5 हजार रुपए तक की बिक्री हो रही है। इस पूरे सफर में परिवार का निरंतर सहयोग उनकी सबसे बड़ी ताकत बना। हाल ही में यह दुकान आजीविका दुकान के अंतर्गत संचालित की जा रही है।

पद्मा साहू ने बताया कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वे अपनी खुद की इतनी अच्छी दुकान चला पाएगी। उन्होंने बताया कि बिहान योजना और आजीविका मिशन से मिली सहायता ने मुझे आगे बढ़ने का हौसला दिया। शुरुआत में डर था, लेकिन परिवार और समूह की दीदियों के सहयोग से आत्मविश्वास बढ़ा।

आज मैं दुकान की मदद से अपनी आजीविका के साथ अपने बच्चों और परिवार के भविष्य को भी बेहतर बना पा रही हूं। मैं चाहती हूं कि हर महिला अपने पैरों पर खड़ी हो और आजीविका मजबूत हो। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा जिले में ऐसी 150 आजीविका दुकान खोलने की तैयारी की जा रही है, जिससे बड़ी संख्या में महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ेंगी और आर्थिक रूप से सशक्त होंगी। वर्तमान में 30 आजीविका दुकानों का संचालन किया जा रहा है।

### अपार आईडी से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए संकुल समन्वयकों को दिए गए निर्देश

# महासमुंद विखं के संकुल समन्वयकों की हुई विभागीय समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा की अध्यक्षता में विकासखंड के संकुल समन्वयकों की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

शर्मा ने अपार आईडी से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि स्कूल स्तर पर लंबित सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएं, जो सुधार स्कूल स्तर से संभव नहीं हैं, उन्हें फॉर्म-3 में भरकर बीआरसी कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा किया जाए। सत्र के आय-व्यय की समीक्षा के दौरान कई संकुलों एवं विद्यालयों द्वारा प्राप्त राशि का व्यय नहीं किए जाने पर उन्होंने चिंता व्यक्त की। साथ ही छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियमों का पालन करते हुए शीघ्र व्यय करने के निर्देश दिए। शाला त्यागी बच्चों के लिए विशेष अभियान चलाकर पालकों से संपर्क कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ने के निर्देश दिए गए। दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष अभियान चलाकर उनका यू-डाइस पोर्टल में पंजीकरण अनिवार्य कराने पर भी जोर दिया गया। डी-ग्रेड विद्यालयों में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत अंकेक्षण के लिए नियुक्त सदस्यों से अपेक्षा की गई कि वे विद्यालयों के शैक्षणिक उत्थान में सक्रिय योगदान दें। साथ ही चल रहे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा पूर्ण हो चुके कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं हैंडओवर प्रमाण पत्र के साथ अंतिम किस्त हेतु फाइल बीआरसी में जमा करने के निर्देश दिए गए। अर्धवार्षिक परीक्षा उपरांत पालक-मेघा बैठक की तैयारी करने, विद्यार्थियों के ग्रेड की समीक्षा कर कम ग्रेड प्राप्त करने वाले बच्चों के लिए विशेष अभियान चलाने तथा शिक्षकों को गतिविधि-आधारित टीएलएम के माध्यम से रोचक अध्यापन कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक का संचालन बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा ने किया। आभार प्रदर्शन तारिका कुंजाम एबीईओ महासमुंद द्वारा किया गया। इस अवसर पर बीआरपी अनिता निर्मलकर, लेखापाल रेणु चंद्राकर, स्पेशल एजुकेटर तुलसी साहू मौजूद रहे।

## अवैध धान खरीदी में संलिप्त 14 कोचियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**महासमुंद।** सरायपाली में अवैध धान खरीदी में संलिप्त पाए गए कोचियों के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देश पर तथा सरायपाली एसडीएम अनुपमा आनंद के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग द्वारा यह कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीएनएस की धारा 126 एवं 135(3) के अंतर्गत कुल 14 कोचियों को नोटिस जारी किया गया है। संबंधित सभी मामलों की सुनवाई एसडीएम न्यायालय सरायपाली में की जाएगी। कार्रवाई के तहत प्रकरणों की सूची एसडीओपी सरायपाली को आवश्यक कार्रवाई हेतु उपलब्ध करा दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा यह प्रतिबंधात्मक कदम जिले में अवैध धान खरीदी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा शासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। जिला प्रशासन ने कहा है कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## धान खरीदी की तिथि 15 फरवरी करने किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर धान खरीदी की तिथि 15 फरवरी करने की मांग की है।

सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि इस बार धान खरीदी के नाम पर शुरू से ही समितियों में अव्यवस्था का आलम रहा। जिसके कारण किसान प्रताड़ित होते रहे हैं, कभी भौतिक सत्यापन के नाम पर तो कभी लिमिट के नाम पर, स्थिति यह है कि धान खरीदी के लिए मात्र 15 दिन का समय शेष है और अभी तक केवल 60 प्रतिशत खरीदी हो पाई है। ऐसे में किसान अपना उपज नहीं भेज पाएंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि शासन प्रशासन ने कभी भी किसानों की धान बेचने के लिए समस्याओं के प्रति ध्यान नहीं दिया, जिसके कारण किसान भटकते रहे हैं। यदि धान बेचने की तिथि और लिमिट नहीं बढ़ाया जाता है तो किसान संघ द्वारा आंदोलन करने बाध्य होगा। इस दौरान भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष कुबेर गिरी गोस्वामी, पिथौरा तहसील अध्यक्ष युवराज साहू, सहकारिता प्रकोष्ठ प्रमुख मायाराम साहू, मंत्री धनंजय साहू, जिला उपाध्यक्ष बृजलाल साहू, राजेंद्र वैष्णव, सुरेंद्र सिंह ध्रुव, मोती पांडे, सुलभ कुमार यादव समेत अनेक सदस्य मौजूद थे।

# खमतराई में गौधाम योजना के विषय से कराया गया अवगत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| झलप

छग गौ सेवा आयोग द्वारा गठित गौधाम समिति द्वारा महासमुंद विकासखंड के ग्राम खमतराई में गौधाम योजना के विषय से अवगत कराया गया एवं गौधाम के आवेदन की प्रक्रिया बताई गई। इस योजना के लिए ग्रामवासियों में बड़ी उत्सुकता देखने को मिली। गौसेवा आयोग के जिलाध्यक्ष नीलेश पटेल ने बताया कि गौधाम के लिए आवेदन किसी पंजीकृत संस्था एवं महिला स्व-सहायता समूह द्वारा किया जा सकता है एवं आयोग के द्वारा संरचना पूर्ण करने के लिए मिलने वाले अनुदान के विषय मे विस्तृत चर्चा की। छग गौसेवा आयोग सदस्य विकासखंड महासमुंद राजा अग्रवाल ने वर्षा ऋतु के पहले चारा संग्रहण के लिए पैरादान पर महत्वपूर्ण जोर दिया। विदित हो कि घुमंतू गौवंशों के आश्रय के लिए यह गौधाम योजना की शुरुआत की गई है,जिसमें प्रत्येक विकासखंड में वर्तमान में 10 गौधाम संचालन के लिए गौ सेवा आयोग से निर्देश प्राप्त हुए है। इस गौधाम योजना से गौवंशों का संवर्द्धन और संरक्षण ही नहीं अपितु रोजगार के कई साधन हैं। महिलाओं में स्वालंबन एवं उत्थान के लिए रोजगार के अनेक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का प्रयास गौधाम समिति द्वारा किया जाएगा। इस बैठक में मुख्य रूप से छग गौ सेवा आयोग के जिला सदस्य गीतेश पंडा एवं समस्त खमतराई ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## डूमरपाली में गुहा निषाद जयंती कल, विधायक होंगे शरीक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के ग्राम डूमरपाली में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 18 जनवरी रविवार को गुहा निषाद राज जयंती मनाई जाएगी। मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव होंगे। कार्यक्रम के लिए आमंत्रण करने डूमरपाली निषाद समाज के पदाधिकारीगण विधायक निवास पहुंचे। अध्यक्षता ढेलू राम निषाद पूर्व जिला अध्यक्ष, विशेष अतिथि केशव चंद्राकर अध्यक्ष जनपद बागबाहरा, नयन पटेल, जानकी निषाद पूर्व प्रदेश सचिव, दिव्या उपेंद्र दीवान जनपद सदस्य, सरपंच चुकेश्वरी लोमश दीवान, थान सिंह दीवान पूर्व सभापति, धरम दीवान पूर्व सभापति जनपद बागबाहरा होंगे। कार्यक्रम सुबह 9 बजे कलश यात्रा के साथ शुभारंभ होगा। ग्यारह बजे राधाकृष्ण मानस मंडली, एक बजे तुलसी मानस मंडली महासमुंद, दो बजे से जय जय गुरुदेव पंडवानी पार्टी बोरिद एवं रात्रि में मोर गांव के भुइया नाच पार्टी माऊलीभाठा नुवापड़ा ओडिशा का कार्यक्रम होगा। प्रदेश संगठन सचिव नंद कुमार निषाद एवं पूर्व सरपंच डूमरपाली ने समाज के लोगों को कार्यक्रम में अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## महाविद्यालय में सामूहिक वंदे मातरम गान का आयोजन

**सरायपाली।** डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब एवं आईक्यूएससी के संयुक्त आयोजन में वंदे मातरम गान के 150वीं वर्षगांठ पर डॉ मालती तिवारी रासेयो जिला संगठक एवं प्राचार्य अनिता पटेल के मार्गदर्शन में 'सामूहिक वंदे मातरम गान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य द्वारा राष्ट्रगान का सम्मान करने व विद्यार्थियों को देश प्रेम के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही जनप्रतिनिधि उद्धव नंद जनपद सदस्य सरायपाली एवं नीलांबर तांडी जनभागीदारी समिति सदस्य द्वारा आजादी के लिए किए गए संघर्ष, त्याग बलिदान की कहानी से अवगत कराया गया। सुभाष बिशी स्वयसेवक ने वंदेमातरम पर वाचन किया। भारतवर्ष अनेकता में एकता का देश है। विभिन्न भाषाओं एवं संस्कृतियों का संगम है यह वंदे मातरम गीत हमें एकता का संदेश देता है। देश के प्रति सम्मान व प्रेम की भावना पैदा करता है। वंदे मातरम केवल शब्द नहीं, बल्कि हर भारतीय हृदय की भावना है। कार्यक्रम की संयोजक कमला बाई दीवान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रही। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक जितेंद्र कुमार पटेल आईक्यूएससी प्रभारी, डॉ गजानंद नायक, रमेश कुमार पटेल, रश्मि निबरगिया, अतिथि प्राध्यापक ऋतुराज भोई, माधुरी प्रधान, आशुतोष मालवीय तथा संजय पटेल, भवानी साहू, विद्याकांत कश्यप, प्रेरणा प्रधान, मुकेश नाग, विनोद मिर्धा सहित स्वयंसेवक सम्मिलित हुए।

# मनोरमा इंडस्ट्रीज को दी गई शासकीय भूमि का आवंटन निरस्त, ग्रामीणों में हर्ष



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

लंबे संघर्ष, लगातार विरोध प्रदर्शन और कानूनी लड़ाई के बाद आखिरकार जिला प्रशासन ने मनोरमा इंडस्ट्रीज को दी गई सरकारी भूमि का आवंटन पूरी तरह निरस्त कर दिया है। यह फैसला न सिर्फ ग्राम बिरकोनी के ग्रामीणों की जीत है, बल्कि पारदर्शिता, कानून का पालन और आम जनता के हितों की जीत है।

मनोरमा इंडस्ट्रीज ने अपनी पहुंच और प्रभाव का इस्तेमाल कर बिरकोनी क्षेत्र की लगभग 3.48 हेक्टेयर सरकारी भूमि खसरा संख्या 2435, 2436, 2619 2620, 2614 तथा 2616 को औद्योगिक प्रयोजन के लिए हथियाने की कोशिश की थी। यह भूमि शासकीय चारण/शासकीय उपयोग की श्रेणी में आती है। जिसमें चारागाह, श्मशान घाट जैसी सार्वजनिक सुविधाएं शामिल हैं। ग्रामीणों के भारी विरोध के बावजूद कंपनी ने इसे अपने कब्जे में लेने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों की दृढ़ता और सच्चाई ने सब कुछ बदल दिया।

कलेक्टर ने स्पष्ट आदेश जारी करते हुए आवंटन को अवैध घोषित कर दिया। प्रमुख कारण बिल्कुल साफ है भूमि का शासकीय चारण/सार्वजनिक उपयोग होना। उच्च न्यायालय के पुराने आदेशों (10 मार्च 2011 और अन्य) का स्पष्ट उल्लंघन, जिसमें इस भूमि को किसी निजी या व्यावसायिक परियोजना के लिए हस्तांतरित न करने का निर्देश था। आवेदक दवारा आवश्यक शर्तों और नियमों की अनदेखी ग्रामीणों और संबंधित विभागों की मजबूत आपत्तियां। कलेक्टर ने साफ कहा है कि अब इस भूमि पर किसी भी निजी कंपनी या व्यावसायिक उपयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह भूमि हमेशा ग्राम स्तर पर कृषि, पशु चराई, गोठान, तालाब सुधार, सार्वजनिक निर्माण या अन्य सामुदायिक कार्यों के लिए सुरक्षित रहेगी। यह जीत आसान नहीं थी। ग्रामीणों ने महीनों तक विरोध किया, ज्ञापन दिए, कलेक्ट्रेट पहुंचे, तहसीलदार न्यायालय में आपत्ति दर्ज कराई और कानूनी प्रक्रिया का सहारा लिया। उन्होंने अपनी जमीन, अपनी आजीविका और आने वाली पीढ़ियों के लिए लड़ाई लड़ी। ग्रामीणों ने बताया कि वे लंबे समय से इस भूमि को सार्वजनिक उपयोग में लाने की मांग कर रहे थे और अतिक्रमण रोकने के लिए सघर्षरत थे। आज पूरे बिरकोनी में राहत की लहर है। ग्रामीण खुशी से कह रहे है कि हमारी मेहनत रंग लाई। हमने साबित कर दिया कि गरीब की आवाज भी सुनी जाती है, अगर वो हार न माने। यह फैसला न केवल बिरकोनी के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक प्रेरणा है कि जब सच्चाई और एकजुटता साथ हो, तो कोई भी बड़ा खेल हार जाता है। जिला प्रशासन का यह कदम सराहनीय है, क्योंकि इसने कानून का पालन सुनिश्चित किया और आम जनता के हितों को प्राथमिकता दी। साथ ही, सभी पक्षों से अपील की गई है कि अविष्य में भूमि आवंटन में न्यायालयीन आदेशों और नियमों का सख्ती से पालन करें।

# एनीमिया पर 15 दिवसीय विशेष जागरुकता अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्वेंद्र जाटवर एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी राजीव पांडेय के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केंद्र महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के सभी विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल एवं कॉलेजों में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन के लिए एनीमिया विषय पर 15 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़फुलझर (बसना) में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना योजना अंतर्गत बालिकाओं को लैंगिक समानता, लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई पर ध्यान देना, सही पोषण के लिए संतुलित आहार, फोलिक एसिड टैबलेट, आयरन, कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थ पर विशेष चर्चा हुई, एनीमिया की रोकथाम तथा मासिक धर्म स्वच्छता के विषय में जानकारी दी गई। सखी वन स्टॉप सेंटर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, भारतीय न्याय संहिता एवं बच्चों एवं महिलाओं से संबंधित सभी कानूनों जैसे- घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, एवं महिला हेल्प लाईन नंबर 181, चाइल्ड हेल्प लाईन नंबर 1098 के बारे में महिलाओं को जानकारी दी जा रही हैं। इस अवसर पर बालिकाओं का हीमोग्लोबिन जांच, फोलिक एसिड, आयरन का टेबलेट एवं कॉपी पेन का वितरण किया गया।



## खबर संक्षेप



### अमर वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में 15 जनवरी को भारतीय थल सेना दिवस पर शाम 6 बजे दीप प्रज्वलित कर अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, माया राम साहू, रविंद्र नायक, डीपी पांडे, मुकेश चंद्राकर, अंजना चंद्राकर, गायत्री साहू, केशरी साहू, आकांक्षा साहू, भारती आदि मौजूद रहे।

### डोंगरीपाली में मड़ई मेला का आयोजन आज

**खल्लारी।** ग्राम पंचायत मामाभांचा के आश्रित ग्राम डोंगरीपाली मे मड़ई मेला का आयोजन 18 जनवरी 2026 को किया जा रहा है। जिसमें रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच नवरंग नांच पार्टी मौलीभाठा (ओडिशा) की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील समस्त ग्रामवासी एवं ग्रामीण विकास समिति ग्राम डोंगरीपाली ने की। उक्त जानकारी ग्रामीण सभा विकास समिति के कोषाध्यक्ष हेमन कुमार साहू ने दी है।

### कालेज में हुआ मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में शुक्रवार को मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ना, छूटे हुए पात्र मतदाताओं का पंजीयन कराना और विशेष गहन पुनरीक्षण व मतदान के प्रति युवाओं को जागरूक करना रहा। शिविर के दौरान 18 साल की आयु पूरा कर चुके युवाओं से फार्म-6 के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या ह्यूमा लिली दीवान ने कहा कि मतदान केवल एक अधिकार ही नहीं बल्कि नागरिक का कर्तव्य भी है तथा स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से मतदान के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। सहायक प्राध्यापक तरूण कुमार ध्रुव ने युवाओं से अपने नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से दर्ज कराने और आगामी चुनाव में सक्रिय सहभागिता निभाने का आव्हान किया। इस अवसर पर ग्राम चिरको के बीएलओ हेमलता साहू, घनश्याम यादव तथा सहायक प्राध्यापक एमएस वर्मा, दीक्षा गजेंद्र, नीरज पटेल, अमित सिंह, डा.सुनीता साकेत, राखी यदु उपस्थित रहे।

### आत्महत्या रोकथाम पर हुई कार्यशाला

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शासकीय डीएमएस स्कूल में परीक्षा के पूर्व तनाव प्रबंधन और आत्महत्या रोकथाम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में रामगोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि यह उम्र युवाओं के होने वाले उथल पुथल उम्र के पड़ाव के समय होना स्वाभाविक है। बच्चों के पेरेंट्स टीचर को भी सकारात्मक व्यवहार करना है।

# घोघरा में सांसद ने किया सड़क निर्माण का भूमिपूजन, बनेगी पक्की सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

विकासखंड के ग्राम घोघरा में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत ग्राम जोबा से घोघरा रावणभाठा पारा तक प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे, उपाध्यक्ष ब्रह्मा पटेल सहित जनप्रतिनिधि एवं भाजपा पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। अतिथियों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। यह सड़क लंबे समय से क्षेत्र की प्राथमिक मांग रही है। बरसात के दिनों में कीचड़, पानीभराव और दुर्गम मार्ग के कारण ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार, रोजगार और आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में भारी परेशानी उठानी पड़ती थी। सड़क के निर्माण से ग्राम जोबा, घोघरा, रावणभाठा पारा सहित आसपास के कई गांवों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी और ग्रामीण जीवन में गुणवत्तापूर्ण बदलाव की उम्मीद बढ़ेगी। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना गांवों को मुख्यधारा और विकास से जोड़ने वाली देश की महत्वपूर्ण योजना है। भाजपा सरकार का संकल्प है कि प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक बेहतर सड़क और सुविधाजनक आवागमन के अवसर उपलब्ध कराए जाएँ। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद स्थानीय आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी, कृषि उपज का परिवहन अधिक सुगम होगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और जनसुविधाओं तक पहुंच पहले से कहीं अधिक आसान होगी।



कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने सड़क परियोजना का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में बड़ा कदम बताया। उनका कहना था कि यह सड़क बच्चों, महिलाओं, किसानों और बुजुर्गों के लिए यात्रा को अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक और समयबद्ध बनाएगी, तथा इससे ग्रामीण जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. नीलकंठ साहू, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पीलेश्वर पटेल, सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा, जनपद सदस्य नारायण लाल ध्रुव, पुन्नी विष्णु साहू, प्रीतम साहू, मनोहर साहू, मनमोहन जैन, किशोर पटेल, युगल किशोर साहू, पीतांबर साहू, उर्मिला साहू, आज्ञा साहू, चिंता साहू, रामशंकर पटेल, सरपंच सुनीता रूपचंद साहू, पुन्नी बाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सड़क क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

## अव्यवस्था : खराब एंबुलेंस के चलते पिथौरा सहित आसपास के मरीज निजी वाहनों के सहारे

# तीन महीने से 108 एंबुलेंस खराब आपातकालीन सेवा ही वेंटिलेटर पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचालित 108 एंबुलेंस बीते तीन महीनों से खराब पड़ी हुई है। इसके चलते पिथौरा सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों के मरीजों को निःशुल्क आपातकालीन 108 एंबुलेंस सेवा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। आपात स्थिति में मरीजों और उनके परिजनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि 108 एंबुलेंस सेवा का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटना एवं विभिन्न बीमारियों सहित आपातकालीन चिकित्सा स्थितियों में 24×7 निःशुल्क, त्वरित और जीवनरक्षक सहायता प्रदान करना है। इस सेवा के अंतर्गत प्रशिक्षित ईएमटी द्वारा मौके पर प्राथमिक उपचार के साथ मरीज को सुरक्षित अस्पताल तक पहुंचाया जाता है, ताकि सुनहरे घंटे के भीतर जीवन बचाया जा सके। इसके अलावा आपात परिस्थितियों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लेकिन] पिथौरा में यह एंबुलेंस पिछले तीन महीनों से अधिक समय से खराब है और मरम्मत के लिए रायपुर के फ्रेज गैरेज में खड़ी है। हैरानी की बात यह है कि इतने लंबे समय के बावजूद अब तक इसकी मरम्मत नहीं हो पाई है। पिथौरा विकासखंड के लिए केवल एक ही 108 एंबुलेंस उपलब्ध है। उसके खराब हो जाने से सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों, गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को मजबूरन निजी वाहनों या महंगी निजी एंबुलेंस का सहारा लेना पड़ रहा है।




### एंबुलेंसा वर्तमान में खराब

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. तारा अग्रवाल ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि पिथौरा की 108 एंबुलेंस वर्तमान में खराब स्थिति में है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महासमुंद को पत्र लिखकर अवगत कराया जा चुका है। डॉ. अग्रवाल ने आगे कहा कि 108 एंबुलेंस के जिला प्रबंधक द्वारा फोन कॉल रिसीव नहीं किए जा रहे हैं, जिसके कारण यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि एंबुलेंस की मरम्मत कब तक पूरी होगी।


### विभाग की घोर लापरवाही

विधायक प्रतिनिधि रविंदर आजमानी ने कहा कि 108 एंबुलेंस का लंबे समय से खराब रहना विभाग की घोर लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जनप्रतिनिधियों को समय पर कोई जानकारी नहीं दी गई है। हरिभूमि के माध्यम से ही उन्हें इस गंभीर समस्या की जानकारी मिली है।

### पाट्‌र्स उपलब्ध नहीं, इसलिए वाहन की मरम्मत में विलंब

108 एंबुलेंस के जिला प्रबंधक नीरज राय का कहना है कि मेरा नया पोस्टिंग हुआ है। 108 एंबुलेंस के कुछ आवश्यक पाट्‌र्स उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण उसकी मरम्मत में विलंब हुआ है। हालांकि, मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कोमाखान, बसना एवं बागबाहरा की 108 एंबुलेंस पिथौरा क्षेत्र में सेवा दे रही हैं। हालांकि, यहां से एंबुलेंस जाने में विलंब होता है। एंबुलेंस की मरम्मत कर जल्द ही पिथौरा क्षेत्र में पुनः नियमित सेवा शुरू कर दी

## तिल-गुड़ के लड्डू व खिचड़ी ने बढ़ाई संक्रांति की मिठास, घाटों में किया स्नान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

मकर संक्रांति पर्व अंचल में धूमधाम के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों में स्नान कर मंदिरों में जाकर देव दर्शन किए और भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इसके बाद तिल-गुड, खिचड़ी आदि का भोग लगाकर जरूरतमंदों को लड्डू, खिचड़ी और कंबल आदि का दान कर पुण्य अर्जित किया। भगवान भास्कर (सूर्य) की आराधना का पर्व मकर संक्रांति इस साल दो दिन मनाया गया है।

पारंपरिक मान्यता के चलते बुधवार को भी सैकड़ों श्रद्धालुओं ने देवदरहा, नरसिंगनाथ घाटों पर पहुंचकर स्नान किया और पूजन-पाठ किया। हालांकि, धर्मशास्त्रों के अनुसार पर्व का मुख्य पुण्यकाल गुरुवार को रहा। बुधवार को मकर संक्रांति 14 जनवरी की रात 9.29 मिनट से शुरू हुई, जो 15 जनवरी की दोपहर 1.29 मिनट तक रही। पंडित योगेश महाराज ने बताया कि मकर संक्रांति पर्व का पुण्य और फल 15 जनवरी का स्नान करने और दान करने से ज्यादा मिलेगा। महाराज ने बताया कि मकर संक्रांति पर सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में शेष आते हैं। इसलिए इस उत्सव को मकर संक्रांति उत्सव कहा जाता है। सालों से 14 जनवरी को महापर्व मनाते हुए स्नान, दान और देव पूजन किया जाता रहा है, इसी मान्यता के चलते लोग आज भी संक्रांति मनाते हैं।

### शुरू होंगे शुभ काम गर्मी भी बढ़ेगी

इस दिन से गर्मी भी तिल के समान बढ़ने लगती है। सूर्य उत्तरायण हो जाते हैं, जिससे शुभ काम होने लगते हैं। पंडित परसाई के अनुसार इस बार षटतिला एकादशी भी 14 जनवरी को थी। इसलिए दो दिन उत्सव मनाया गया।

# पब्लिक स्कूल ने मनाया वार्षिकोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संस्कार पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव अभ्युदय शंकराचार्य भवन में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वर्णिका शर्मा (अध्यक्ष बाल संरक्षण आयोग राज्य शासन), विशेष अतिथि निखिलकांत साहू (अध्यक्ष नगर पालिका महासमुंद) व अध्यक्ष पारस चोपड़ा ( शिशु कल्याण शिक्षा समिति) थे। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से कक्षा सातवी के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं में विविध विशयों पर आकर्षक नृत्य, भाव नृत्य व नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया। भारत के अंतरिक्ष की प्रगति को शानदार नृत्य द्वारा प्रस्तुत किया। कक्षा 5वीं के बच्चों ने साहब जादों के बलिदान को नृत्य नाटिका में चरितार्थ किया। इसी प्रकार भांगड़ा, ओडिशी, गुजराती व आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किये गये।

शाला में वार्षिकोत्सव के आयोजन से बच्चों में सांस्कृतिक चेतना के साथ संस्कार राष्ट्रीयता व वैदिक विकास को बल मिलता है। उक्त विचार वर्णिका शर्मा ने अपने उदबोधन में कहा। निखिलकांत साहू ने बच्चों के आकर्षक प्रस्तुतियों की प्रशंसा की। अध्यक्षीय भाषण में पारस चोपड़ा ने अभिभावकों से अपने बच्चों के प्रति सजग रहने की अपील की। संस्कार पब्लिक स्कूल की प्राचार्या गुरुप्रीत कौर ने पिछले सात वर्षों के गतिविधियों का उल्लेख एक शानदार वीडियो द्वारा प्रदर्शित किया। इस अवसर पर समिति उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, सचिव शरद जैन, कोषाध्यक्ष अरूण जोशी, मनोहर पींचा, सुभाष बाफना, निर्मला बैद उपस्थित थे। उप प्राचार्य विजया तिवारी, वरिष्ठ शिक्षिका स्वाति स्वर्णकार, किरण गुप्ता आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन निकिता मसीह, दीपाली चंद्राकर, पूजा बंजारे एवं जेनिफर दास ने किया।

# शांत्रीबाई कालेज में वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ पर सामूहिक वंदे मातरम गान का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शांत्रीबाई कला, वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रगीत वंदे मातरम की रचना की 150वीं जयंती पर सामूहिक वंदे मातरम गान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में राष्ट्रप्रेम, सांस्कृतिक चेतना एवं स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों को सुदृढ़ करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संगीता चंद्राकर जनपद सदस्य, कमलेश चंद्राकर सचिव छग चन्द्रनाहू शिक्षण समिति, एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डा सविता चंद्राकर द्वारा मां सरस्वती, मां भारती एवं बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संगीता चंद्राकर ने कहा कि वंदे मातरम की रचना महान साहित्यकार बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने वर्ष 1875 में की थी। यह गीत भारत के स्वतंत्रता संग्राम के समय करोड़ों देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना। जब स्वतंत्रता सेनानी जेलों में थे, जब देश पराधीनता की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था, तब वंदे मातरम ही वह मंत्र था जिसने जन-जन में साहस, आत्मबल और संघर्ष की चेतना जागृत की। यह केवल एक गीत है, बल्कि यह भारत की आत्मा, एकता एवं स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरक शक्ति रहा है। उपस्थित शिक्षण समिति के सचिव कमलेश चंद्राकर ने कहा कि वंदे मातरम केवल शब्दों का समूह नहीं है, बल्कि यह भारत की संस्कृति, प्रकृति, एकता और आत्मा का प्रतीक है। इसमें हमारे खेत, नदियां, पर्वत, वन और हमारी मातृभूमि की महिमा समाहित है। यह गीत हमें सिखाता है कि राष्ट्र केवल भूमि का टुकड़ा नहीं, बल्कि हमारी पहचान और कर्तव्य का आधार है।




महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि वंदे मातरम ने स्वतंत्रता सेनानियों को संघर्ष के कठिन समय में नई ऊर्जा प्रदान की तथा आज भी यह गीत हमें राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध कराता है। भारत के क्रांतिकारियों ने इस वंदे मातरम को अपना हथियार बना कर आजादी की लड़ाई लड़ी, जिसे हमें नहीं भुलना चाहिए। यह वंदे मातरम हमें उनकी कुर्बानी की याद दिलाता है। आज का युवा ही देश का भविष्य है। वंदे मातरम का सच्चा सम्मान तभी होगा जब हम इसके भावों को अपने आचरण में उतारें ईमानदारी, अनुशासन, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें। पढ़ाई के साथ-साथ देश के प्रति जिम्मेदारी निभाना ही सच्ची देशभक्ति है। इस बीच कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण एवं विचार अभिव्यक्ति प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक गोविंद श्रीवास एवं आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक मेनका चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर नारायण चक्रधारी, आकांक्षा सिंह, देवेंद्र चंद्राकर, गायत्री चंद्राकर, शत्रुघन पटेल, हीना चंद्राकर, रेशम साहू, अर्शिन सालोमन, भूमिका दुबे, गोविंद श्रीवास, नरेंद्र तांडी, देवानंद चंद्राकर, गुलाब चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चंद्राकर, मानिक पटेल एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# इंटैक अखिल भारतीय स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में वृंदावन विद्यालय के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय कला और सांस्कृतिक विरासत के लिए राष्ट्रीय ट्रस्ट इंटैक नई दिल्ली में दो दिवसीय अखिल भारतीय स्तरीय राष्ट्रीय विरासत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन 15 एवं 16 दिसंबर 2025 को हुआ। विदित हो इस प्रतियोगिता में 24 राज्यों के विद्यालय की टीम ने अपना प्रदर्शन दिया। विभिन्न विद्यालयों की टीम ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें महासमुंद के वृंदावन विद्यालय के कक्षा 10वीं के छात्र अमन यादव व नमन साहू की टीम ने 5वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवांवित किया।



इस उपलब्धि पर इंटैक के अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर ने प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर छात्रद्वय अमन यादव, नमन साहू व प्रभारी शिक्षक प्रवीण साहू को सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर महासमुंद अध्याय के संयोजक दाऊलाल चंद्राकर, सह संयोजक बंधु राजेश्वर खरे, विद्यालय के संचालक एमआर विश्वनाथन एवं संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने हर्ष जताया। उपप्रचार्य इंदु मिश्रा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में होने वाले हर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की भावना को उभारते हुए आभार व्यक्त किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं अमृता चंद्राकर, रेखा साहू, जागृति साहू, रिंकी कुर्रे, दीपशिखा गायकवाड़, होमेश साहू की विशेष भूमिका रही।

स्वामी जी-93406-38884
स्पेशल ट्रेन द्वारा
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
6 मार्च से 14 मार्च 2026
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया से होते हुए
रामेश्वरम धाम यात्रा
श्री तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम धाम, कन्याकुमारी,
मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, स्वर्ण मंदिर (गोल्डन टेंपल) वेल्लोर
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 18,500/-
10 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ,
श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री तुंगनाथ महादेव, श्री त्रियोगीनारायण
20 अप्रैल, 03 मई, 12 मई, 18 मई, 27 मई, 30 मई, 04 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 18,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411